भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3031
सोमवार, 27 मार्च, 2023 (6 चैत्र, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

नागर विमानन परियोजनाओं की लागत में वृद्धि

3031. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में नागर विमानन की कुल कितनी परियोजनाएं चल रही हैं, इनकी कुल लागत सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विलंबित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) परियोजनाओं के कार्य में देरी के कारण लागत में कुल कितनी वृद्धि हुई है; और

(घ) बढ़ी हुई लागत की पूर्ति करने के लिए कितना अतिरिक्त बजट जारी किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (घ): हवाईअड्डों का स्तरोन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है तथा ऐसे कार्य भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक सरोकार, यातायात मांग/एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों से/तक प्रचालन करने की तत्परता, जैसे कारकों पर के आधार पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा समय-समय पर किए जाते हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ताओं ने, अन्य गतिविधियों के अलावा, मौजूदा टर्मिनलों, के विस्तार और आधुनिकीकरण, नए टर्मिनलों के निर्माण एवं रनवे को मजबूत बनाने के लिए, आगामी पाँच वर्षों में, लगभग 98,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का लक्ष्य रखा है। इसमें से, 60000 करोड़ रुपए (लगभग) मौजूदा हवाईअड्डों के विकास के लिए आवंटित किए गए हैं तथा 38,000 करोड़ रुपए (लगभग) नए ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों की स्थापना ने लिए आवंटित किया गए हैं।

भारत सरकार ने, 21 नए ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है तथा इन 21 ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं की, कुल अनुमानित परियोजना लागत 45,000 करोड़ रुपए से अधिक है।

इनमें से, 11 हवाईअड्डों, यथा दुर्गापुर, शिरडी, कन्नूर, पाक्योंग, कलबुर्गी, ओरवाकल (कुरनूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर,मोपा एवं शिवमोगा का प्रचालन शुरू कर दिया गया है।

सार्वजनिक निजी भागेदारी हवाईअड्डा प्रचालकों, नामतः दिल्ली, बेंगलूरु, हैदराबाद, लखनऊ, मंगलुरु, गुवाहाटी, अहमदाबाद, जयपुर तथा तिरुवनंतपुरम, ने 35,000 करोड़ रुपए से अधिक के पूंजीगत व्यय पर, संबंधित हवाईअड्डों पर स्तरोन्नयन/नवीकरण के कार्य शुरू किए हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए प्रमुख स्तरोन्नयन परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

हवाईअड्डों के निर्माण/स्तरोन्नयन की समय-सीमा, विभिन्न कारकों, जैसे कि संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य क्लियरेंस, बाधाओं को हटाना, वित्तीय समापन, इत्यादि पर निर्भर करती है। राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी के अन्य प्रभाव, उदाहरणतः जनशक्ति को हटाना, आपूर्ति श्रृंखला को बंद करना, इत्यादि तथा प्रतिकूल मौसम की अभूतपूर्व स्थिति, भाविप्रा द्वारा चलाई जाने वाली स्तरोन्नयन परियोजनाओं में विलंब के मुख्य जिम्मेदार कारक रहे हैं।

परियोजनाओं के वित्तपोषण सहित हवाईअड्डा परियोजनाओं के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार (यदि राज्य सरकार परियोजना प्रस्तावक है तो) सहित हवाईअड्डा विकासकर्ता की होती है।

****

27.03.2023 के लिए राज्यसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3031 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

चल रही प्रमुख परियोजनाएं (150 करोड़ रूपए से अधिक की लागत)

क्र.सं.	हवाईअड्डा	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रूपए में)
1	पटना	पटना हवाई अड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन और अन्य संरचनाओं (चरण I और II) का निर्माण।	1216.90
2	पोर्ट ब्लेयर	पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर एनआईटीबी का निर्माण और संबद्ध कार्य	707.73
3	कोलकाता	एनएससीबीआई हवाईअड्डा, कोलकाता में एटीसी टॉवर और तकनीकी ब्लॉक का निर्माण	458.00
4	कोलकाता	एनएससीबीआई हवाईअड्डा, कोलकाता में एयरसाइड क्षमता संवर्धन	389.71
5	होलोंगी (ईटानगर)	होलोंगी, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे का निर्माण	645.63
6	इंफाल	इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, इंफाल में नए एकीकृत टर्मिनल भवन, नियंत्रण टावर सह तकनीकी ब्लॉक, एप्रन, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबद्ध कार्यों	499.00
7	ग्वालियर	ग्वालियर हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विस्तार	446.12
8	लेह	लेह हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण	480.33
9	देहरादून	देहरादून हवाई अड्डे पर घरेलू यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण	456.86
10	डी ब्लॉक (सफदरजंग हवाई अड्डा)	सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में डीजीसीए, बीसीएएस, एएआईबी, एईआरए और एएआई के लिए संयुक्त परिचालन कार्यालयों का निर्माण।	351.20
11	अयोध्या	अयोध्या हवाई अड्डे का विकास	242.14
12	चेन्नई	चेन्नई एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण चरण-II	2467.00
13	त्रिची	तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री टर्मिनल भवन और एयर साइड सुविधाओं का स्तरोन्नयन	951.28
14	विजयवाड़ा	विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर संबंधित कार्यों सहित एनआईटीबी का निर्माण।	611.80
15	तूतीकोरिन	तूतीकोरिन हवाई अड्डे का विकास	380.81
16	चेन्नई	चेन्नई हवाईअड्डे पर परिचालन क्षेत्र में वर्षा जा निकासी प्रणाली की मरम्मत	209.01
17	हैदराबाद	बेगमपेट हवाई अड्डा, हैदराबाद में नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (चरण- I) का निर्माण	353.61
18	सूरत	सूरत हवाई अड्डे का विकास	353.25
19	पुणे	एनआईटीबी का निर्माण, पुराने टर्मिनल भवन का पुनर्निर्माण, सिविल एन्क्लेव पुणे में मौजूदा विस्तारित टर्मिनल भवन का सुधार	475.39
20	हीरासर	ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट हीरासर, राजकोट का निर्माण	1405.00
21	जबलपुर	एबी-320 टाइप के विमानों के प्रचालन के लिए उपयुक्त बनाने के लिए जबलपुर हवाई अड्डे का स्तरोन्नयन।	412.24

22	कोल्हापुर	कोल्हापुर हवाईअड्डे पर ब्लास्ट पैड, आरईएसए, टैक्सीवे, एप्रन, जीएसई क्षेत्र, आइसोलेशन बे, नया घरेलू टर्मिनल भवन और विविध कार्यों के साथ रनवे का विस्तार।	255.68
23	धोलेरा	धोलेरा, अहमदाबाद (गुजरात) में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का विकास	1305.00
24	गोवा	गोवा हवाई अड्डे पर मौजूदा एकीकृत टर्मिनल भवन का विस्तार और संबद्ध कार्य	255.69
25	तिरुपति	तिरुपति हवाईअड्डा, तिरुपति में कोड-ई टाइप के विमानों के लिए मौजूदा रनवे 08/26 का विस्तार और सुदृढ़ीकरण / पुनर्निर्माण	177.10

******